nt>

Title: Need to introduce mobile telephone service of BSNL, in Reewa Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र रीवा-इलाहाबाद (राट्रीय राजमार्ग नं. 27) में बी.एस.एन.एल. की सुविधा आज तक उपलब्ध न हो पाने के कारण जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। दूर संचार अधिकारियों का ध्यान बार-बार इस ओर आकर्तित किए जाने के बावजूद इस ओर कोई प्रगति न होने के कारण जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। टी.डी.एम. रीवा द्वारा अगस्त 2004 में तहसील मुख्यालय पर इस बात के लिए आश्वस्त किया गया था कि उक्त क्षेत्र में दो माह के अंदर मोबाइल सेवा उपलब्ध करा दी जायेगी। किन्तु अभी तक कार्य आरंभ नहीं हुआ है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि इस क्षेत्र में तुरन्त मोबाइल सेवा आरंभ की जाये ताकि लोगों को इस सुविधा का लाभ मिल सके।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Hansraj G. Ahir - not present.